समाचार

# राजस्व मंत्री ने वार्ड क्र. 10 को दी 46 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात

## (02 सामुदायिक भवन एवं 01 सामुदायिक मंच को किया जनता की सेवा में समर्पित)



कोरबा 02 जुलाई 2021 —राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 10 सीतामणी क्षेत्र को 46 लाख 24 हजार रूपये के 03 महत्वपूर्ण विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होने वार्ड क्र. 10 में 02 सामुदायिक भवनों एवं 01 सामुदायिक मंच को लोकार्पित करते हुए उन्हें जनता जर्नादन की सेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 10 सीतामणी में 32 लाख 62 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 10 में ही 09 लाख 72 हजार रूपये की लागत से 01 और सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है, वहीं वार्ड क्र. 10 में ही आदर्श स्कूल के पीछे 03 लाख 90 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक मंच बनाया गया है। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान इन तीनों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का लोकार्पण उनके करकमलों से किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने की तथा सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित नागरिको को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से यह प्रसन्नता का विषय है कि कोरबा के महापौर, सभापति, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण सभी पार्षद व एल्डरमेनगण कोरबा के निरंतर विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। उन्होने कहा कि जब यहां के सभी जनप्रतिनिधि विकास के प्रति एकजुट हैं तो कोरबा के सर्वागीण विकास को कोई नहीं रोक सकता और इसमें किसी प्रकार की बाधा नहीं आ सकती। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आगे कहा कि पूर्व में कोरबा की स्थिति यह थी कि सैकड़ों की संख्या में महिला—पुरूष पानी की समस्या को लेकर मेरे पास आते थे, किन्तु आज उनकी पानी की इस बड़ी समस्या का निदान किया जा चुका है, घर—घर में निःशुल्क नल कनेक्शन, सम्पूर्ण निगम क्षेत्र के हर गली, मोहल्ले व घर तक बिजली की सुविधा पहुंचा दी गई है। उन्होने कहा कि कोरबा में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किए गए हैं तथा यह कार्य निरंतर आज भी जारी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आगे आने वाले समय में कोरबा की सभी छोटी—बड़ी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा।

**जनता का आशीर्वाद मेरी अमूल्य धरोहर**– राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह, प्यार एवं उनका आशीर्वाद मेरी अमूल्य धरोहर है, मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण एवं यहां के नागरिकों की परेशानियों को दूर कर उन्हे सभी मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोरबा को आत्मनिर्भर बनाकर यहां बेहतर शैक्षणिक व स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना तथा कोरबा का सर्वागीण विकास करना, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने बिसाहूराम कुंभकार द्वारा लिखित धार्मिक पुस्तक मॉ सर्वमंगला व्रत कथा का विमोचन भी किया।

**राजस्व मंत्री के निरंतर मार्गदर्शन में हो रहा कोरबा का विकास**– लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन में कोरबा का लगातार विकास हो रहा है, हम सभी साक्षी हैं कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य हुए तथा बरसों की बड़ी जटिल समस्याएं दूर की गई। उन्होने कहा कि वर्तमान में कोरोना संकट के बावजूद भी राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के निरंतर प्रयास से कोरबा को अनेकों बड़ी उपलब्धियां मिली हैं, जिनसे हर कोई परिचित है।

**कोरबा के विकास के लिए निरंतर संघर्ष**– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा के विकास के लिए निरंतर संघर्ष किया है तथा कोरबा का वर्तमान विकसित स्वरूप उन्ही के संघर्ष का एक सुखद परिणाम है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने प्रत्येक समाज के लिए भवनों की सौगात दी है, सबके सुख–दुख में सहभागी रहे हैं, इसी का परिणाम है कि जनता का लगातार स्नेह एवं आशीर्वाद उन्हे प्राप्त होता रहा है।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, पार्षद दिनेश सोनी, संतोष लांझेकर, उर्विशी राठौर, रूपसिंह कंवर, एल्डरमेन सनददास दीवान एवं आरिफ खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अर्चना उपाध्याय, रमेश जायसवाल, पूर्व पार्षद ओमबाई श्रीवास, दुकालू श्रीवास, वरिष्ठ पत्रकार हरिराम चौरसिया, सुजित राठौर, विजय लांबा, बिसाहूराम कुंभकार, निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, डॉ.संजय तिवारी, डी.सी.सोनकर, लीलाधर पटेल, गोयल सिंह विमल, सुमित गुप्ता, पी.के.श्रीवास, हलीम शेख, ओमप्रकाश महंत, भुनेश्वर राज, मालती सोनी आदि सहित आदि लोक उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)